BULANDSHAHR POLICE

दिनांक – 17 सितम्बर, 2024 थाना पहासू

04 शातिर चोर गिरफ्तार, कब्जे से चोरी किया गया सामान व अवैध चाकू बरामद।

जनपद में अपराधों पर अंकुश लगाये जाने हेतु अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 17-09-2024 को थाना पहासू पुलिस द्वारा एक अभिसूचना के आधार पर 04 शातिर चोरो को ग्राम नगला हरी सिंह कट के पास से चोरी किये गये सामान व अवैध चाकू सहित गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों की गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में थाना पहासू पर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्तो को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा हैं।

गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम पता-

1. देवेन्द्र कुमार पुत्र कमाल सिंह निवासी ग्राम भैय्यापुर थाना पहासू जनपद बुलन्दशहर।
2. प्रशांत कुमार उर्फ वीरु पुत्र उदयवीर सिंह निवासी उपरोक्त।
3. हरीश पुत्र धर्मेन्द्र निवासी उपरोक्त।
4. सन्नी सोनी पुत्र अशोक कुमार निवासी सुभाष चौक सब्जी मंडी कस्बा व थाना पहासू जनपद बुलन्दशहर।

बरामदगी का विवरणः-

1. 02 जोड़ी पायल (सफेद धातु)
2. 2350 रुपये नकद।
3. 02 अवैध चाकू

गिरफ्तार अभियुक्तों द्वारा दिनांक 11/12.09.2024 की रात्रि में थाना पहासू क्षेत्रान्तर्गत भैय्यापुर में एक घर में चोरी करने की घटना कारित की गयी थी जिसके संबंध में थाना पहासू पर मुअसं- 253/24 धारा 305 बीएनएस पंजीकृत है। उक्त घटना से सम्बन्धित चोरी किया सामान बरामद किया गया है तथा मुकदमा उपरोक्त में धारा 317(2)/61(2) बीएनएस व 4/25 शस्त्र अधि0 की वृद्धि की गयी हैं।

गिरफ्तार करने वाली टीम-

1. श्री रामफल सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना पहासू
2. उ0नि0 आनन्द दुबे
3. का0 केशव कुमार, का0 महाबीर सिंह

मीडिया सेल, बुलंदशहर